Regarding alleged interference of International Organization in the affairs of India

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : धन्यवाद सभापति महोदय । कांग्रेस से और राहुल गांधी जी से मेरे दस सवाल हैं । इन दस सवालों पर पिछले चार दिनों से विपक्ष मुझे बोलने नहीं दे रहा है । ?(व्यवधान) मेरा सबसे पहला सवाल यह है कि एफडीएल-एपी, जो कश्मीर को अलग देश मानता है, उसके साथ राजीव गांधी फाउंडेशन के, सोनिया गांधी के साथ क्या संबंध है, जिसको सोरोस फंड करता है? सोनिया और सोरोस का रिश्ता क्या है? ? (व्यवधान)

सर, मेरा दूसरा सवाल, नाम्बियार कमेटी की रिपोर्ट यह कहती है कि 150 करोड़ रुपये का घोटाला सैम पित्रोदा ने किया । वह ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ कांग्रेस के चेयरमैन है । वह ग्लोबल नॉलेज इनिशिएटिव चलाता है, जिसको सोरोस पैसा देता है, जिसको ?यूएसएड? भी पैसा देती है । राहुल गांधी के अमेरिका दौरे का सारा खर्चा ग्लोबल नॉलेज इनिशिएटिव, सैम पित्रोदा देता है । ??. (व्यवधान) यह खालिस्तानियों से मिलता है । यह कश्मीर तोड़ने वालों से मिलता है । सैम पित्रोदा, राहुल गांधी, सोरोस और ग्लोबल नॉलेज इनिशिएटिव का संबंध क्या है?

मेरा तीसरा सवाल यह है कि वर्ष 2004 में सोरोस यहां आया और वर्ष 2009 में भी आया । उसने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में पांच परसेंट स्टेक लिया । वर्ष 2010 से लेकर वर्ष 2014 तक पूरा शेयर मार्केट से सोरोस पैसा लेता रहा । ? (व्यवधान) वह गांधी फैमिली से मिला । सोरोस और गांधी फैमिली का संबंध क्या है? ? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Kindly conclude.

? (*Interruptions*)

डॉ. निशिकान्त दुबे**:** सर, मेरा चौथा सवाल यह है कि राजीव गांधी फाउंडेशन को सबसे ज्यादा पैसा सोरोस ने दिया । जो सोरोस है, वह मनोज भार्गव, हंस फाउंडेशन, रॉकफेलर फाउंडेशन और किंगस्टन के साथ ब्लैक मनी को व्हाइट मनी कर रहा है । राजीव गांधी फाउंडेशन के साथ सोरोस का रिश्ता क्या है? ? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Jothimani ji, you have already been given the opportunity.

? (*Interruptions*)

डॉ. निशिकान्त दुबे **:** सर, मनोज भार्गव के साथ राजीव गांधी फाउंडेशन का रिश्ता क्या है? हंस फाउंडेशन के साथ राहुल गांधी और सोनिया गांधी का रिश्ता क्या है? ? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Kindly conclude.

? (*Interruptions*)

डॉ. निशिकान्त दुबे **:** सर, मेरा पांचवां सवाल यह है कि सोरोस ने फ्रेशवर्क्स, एसईडी फंड, एस्पाडा फंड, इस तरह के फंड्स बनाए । उसने कांग्रेस पार्टी के 300 लोगों को स्टार्ट-अप्स के नाम पर पैसे दिए हैं । ये 300 लोग कौन हैं और उनका गांधी परिवार के साथ क्या संबंध है?

HON. CHAIRPERSON: Kindly conclude.

? (*Interruptions*)

डॉ. निशिकान्त दुबे **:** सर, मेरा छठा सवाल यह है कि ?भारत जोड़ो यात्रा? में सलिल शेट्टी गया था। ?भारत जोड़ो यात्रा? में कांग्रेस ने कितने पैसे खर्च किए और सोरोस फाउंडेशन ने उसको कितने पैसे दिए? ? (व्यवधान)